राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

प्रधानमंत्री को जन्म दिवस पर राज्यपाल ने बधाई दी

—

जयपुर, 17 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को उनके जन्म दिवस पर बधाई दी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को आज प्रातः 69 पुष्पों का पुष्पगुच्छ और शुभकामना संदेश भेजा है। राज्यपाल श्री मिश्र ने शुभकामना संदेश में लिखा है कि ‘‘जम्मू–कश्मीर से धारा 370 हटाकर आपने एक राष्ट्र, एक जन और एक संस्कृति की अवधारणा को मूर्तरूप देकर विश्व में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आपके नेतृत्व में राष्ट्र का चंहुमंखी विकास हो रहा है। जनता में आपके प्रति विश्वास से राष्ट्र को सकारात्मक दिशा मिली है।‘‘

राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन के लिए मंगलकामनाएं की हैं।

———

राज्यपाल से केन्द्रीय मंत्री श्री गहलोत की मुलाकात

—

जयपुर, 17 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को प्रातः यहां राजभवन में केन्द्रीय सामाजिक एवं अधिकारिता मंत्री श्री थावर चन्द गहलोत ने मुलाकात की

राज्यपाल श्री मिश्र से श्री गहलोत की यह शिष्टाचार भेंट थी।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल